**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 4939**
**मंगलवार, 1 अप्रैल, 2025/11 चैत्र, 1947 (शक)को उत्तरार्थ**

**सहकार मित्र इंटर्नशिप योजना**

**4939. श्रीमती विजयलक्ष्मी देवी:**
**श्री छत्रपाल सिंह गंगवार :**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;
(ख) क्या विशेषकर ग्रामीण एवं कृषि क्षेत्रों से संबंधित छात्रों की मांग के आधार पर इंटर्नशिप सीटें बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सहकार मित्र इंटर्नशिप योजना और सरकार के अन्य प्रमुख कार्यक्रमों जैसे स्टार्टअप इंडिया, आत्मनिर्भर भारत या डिजिटल इंडिया के बीच सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए किसी भागीदारी पर हस्ताक्षर किए गए हैं; और
(ड़) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री**
**(श्री अमित शाह)**

(क) सहकारिता मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत आने वाली एक सांविधिक निगम, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) ने सहकार मित्र इंटर्नशिप योजना प्रारंभ की, जिसका उद्देश्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के छात्रों को एनसीडीसी के कामकाज के मुख्य और विशेष क्षेत्रों में कार्य से संबंधित शिक्षण अनुभव प्रदान करना और सहकारिता के विकास में एनसीडीसी के योगदान और उपलब्धियों को प्रस्तुत करना है। यह योजना सभी पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए खुली है।

(ख) और (ग) एनसीडीसी की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, इस योजना के तहत इंटर्न की वर्तमान प्रवेश क्षमता प्रति वर्ष 180 है। हालांकि, एनसीडीसी उचित आवश्यकता/मांग होने पर इंटर्न सीटों की संख्या बढ़ाने पर विचार कर सकता है।

(घ) और (ड़) सहकार मित्र इंटर्नशिप योजना देश में सहकारी क्षेत्र के विकास में कई तरह से महत्वपूर्ण योगदान देती है। यह युवा पेशेवर स्नातकों को सहकारी अधिनियम के तहत संगठित किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के भीतर नेतृत्व और उद्यमशीलता की भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित और सक्षम बनाने में मदद करती है। यह योजना इन स्नातकों को सहकारी व्यवसाय मॉडल से भी परिचित कराती है, उन्हें स्टार्ट-अप सहकारी समितियों की स्थापना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसके अतिरिक्त, यह योजना जरूरतमंद सहकारी समितियों को व्यवसाय योजनाएँ और परियोजनाएँ तैयार करने में मदद करके उन्हें बहुमूल्य सहायता प्रदान करती है, जिससे उनकी परिचालन क्षमताएँ मजबूत होती हैं और क्षेत्र के भीतर विकास को बढ़ावा मिलता है। अभी तक कोई साझेदारी नहीं हुई है।

सहकार मित्र इंटर्नशिप योजना का उद्देश्य सहकारी संस्थाओं को युवा पेशेवरों के नवीन विचारों से लाभान्वित करने में सक्षम बनाकर देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में सहायता करना है, साथ ही प्रशिक्षुओं को इस क्षेत्र में मूल्यवान अनुभव प्रदान करना है ।

*****